Welcome to the Parliamentary Delegation from the National Assembly of the Republic of Armenia

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे आपको सूचित करना है कि आज सदन में विशिष्ट दीर्घा में आर्मेनिया के संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य विराजमान हैं ।

मैं अपनी ओर से तथा सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से भारत की यात्रा पर आए हमारे सम्माननीय अतिथि आर्मेनिया की नैशनल असेंबली के प्रेसीडेंट श्री एलेन सिमोनियन और वहां के संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों का स्वागत करता हूं, अभिनंदन करता हूं।

आर्मेनिया के संसदीय शिष्टमंडल का भारत आगमन सोमवार, 16 दिसंबर, 2024 को हुआ था। भारत प्रवास में शिष्टमंडल के सदस्यगण दिल्ली के अतिरिक्त 18 दिसंबर को जयपुर और 19 दिसंबर को आगरा भी भ्रमण करेंगे। उनका शुक्रवार, दिनांक 20 दिसंबर, 2024 को भारत से प्रस्थान होगा।

हम अपने देश में उनके सुखद और सफल प्रवास की कामना करते हैं। उनके माध्यम से हम आर्मेनिया की संसद, वहां की सरकार, वहां की मित्रवत जनता को भी बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।